पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने बच्चों को दीपावली पर राजभवन बुलाया

लखनऊः 23 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने दीपावली के अवसर पर राजकीय बाल शिशु गृह के बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी। राज्यपाल ने बच्चों को राजभवन घूमने का आमंत्रण दिया तथा जाते समय उन्हें दीपावली के तोहफे के रूप में मिठाई व फूलझड़ियां भी दिये। उनके साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक भी बच्चों के साथ-साथ रहीं और उपहार दिये।

राज्यपाल ने बच्चों से हालचाल पूछा। कुछ बाते भी की और पढ़ाई में खूब मन लगाने की हिदायत भी दी। उन्होंने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती है, दुःख बांटने से कम होता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जो दुःखी है, उनके दुःखों को बांटे। इसी में दीपावली जैसे पावन पर्व का मर्म निहित है।

राज्यपाल से प्रदेश के मुख्य सचिव, श्री आलोक रंजन, पुलिस महानिदेशक, श्री ए0एल0 बनर्जी, प्रमुख सचिव, सूचना, श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव, विधानसभा, श्री प्रदीप दुबे, अधिवक्ता, श्री जफर अहमद, श्री कुंवर इकबाल हैदर, श्री नवाब आलम व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों सहित गणमान्य नागरिकों ने भेंटकर दीपावली की बधाई दी।

श्री नाईक राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दीपावली के अवसर पर मिले और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को आटा, मिष्ठान व उपहार स्वरूप भेंट दिया तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।